## सार-समाचार

### बैठक शुक्रवार को

**अजमेर,** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सम्पूर्ण अजमेर जिले में आगामी 3-4 वर्षों में किए जाने वाले सड़कों के निर्माण एवं विस्तार के लिए भावी योजना तैयार की जाएगी। भावी योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन क्षेत्र, धार्मिक एवं स्थलों को भी सड़कों से जोड़े जाने के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे। इसके लिए शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता अशोक कुमार तंवर ने दी।

### शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**अजमेर,** (कास)। शिक्षा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा समीक्षा की गई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगनारायण व्यास ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के अन्तर्गत प्रखर राजस्थान 2.0 के माध्यम से 90 दिवसीय पठन अभियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अभिशंषाओं के क्रम में प्रारंभिक स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के लिए पठन कौशल में प्रवाहशीलता एवं पठन की समझ में सुधार के लिए अभियान का आयोजन किया गया। स्मार्ट क्लास रूम में अजमेर जिले के 197 राजकीय विद्यालयों में आईएफपीडी (इन्ट्रेक्टिव फ्लेट पैनल डिस्पले) स्मार्ट टीवी वितरित किए गए है। इनके माध्यम से विषयाध्यापकों द्वारा सभी विषयों का डिजिटल शिक्षण करवाया जाकर परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार के प्रयास किए जा रहे है। इसी प्रकार समावेशी शिक्षा में दिव्यांग बालक-बालिकाओं का विद्यालयों में ठहराव सुनिश्चित करने के लिए जिले के 1450 दिव्यांग विद्यार्थियों को 65 लाख 25 हजार रूपये परिवहन भत्ता, 18 लाख 32 हजार रूपये एस्कॉर्ट भत्ता, 13 लाख 32 हजार रूपये स्टाइपेंड भत्ता एवं 3 लाख 95 हजार रूपये रीडर भत्ता की राशि विद्यार्थियों के खातों में जारी की गई। पात्र 150 सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों को समठा शिक्षा द्वारा कुल 20 लाख 51 हजार 809 रूपये की राशि के 175 अंग उपकरण (व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, मोटोराइज्ड ट्राई-साइकिल, ब्रेल-किट, रोलेटर टीएलएम किट दृष्टि बाधित विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन) वितरित किए गए। शिक्षा विभाग की लाभकारी योजनाओं के माध्यम से भी विद्यार्थियों को लाभांवित किया गया है। कक्षा 9 में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 22 हजार 723 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतिभावान 3 हजार विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किए। व्यावसायिक शिक्षा के चयनित 73 विद्यालयों में अध्ययनरत 3 हजार 292 विद्यार्थियों को कौशल विकास किट का वितरण किया गया। सरकार द्वारा गत दो वर्षों में विद्यालय क्रमोन्नित, नवीन संकाय तथा नवीन विषय वर्तमान सरकार द्वारा स्वीकृत कर प्रारंभ किए गए है। नवीन प्राथमिक विद्यालय में एक, प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमोन्नत में 4, उच्च प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत में 11, अतिरिक्त एवं नवीन संकाय में 34 तथा अतिरिक्त विषय में 26 विद्यालयों की प्रगति दर्ज की गई है।

### आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर 7 को

**भीलवाडा।** शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर में 7 जनवरी को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 0 से 16 साल तक के बच्चों को सुबह 9:00 बजे से 3 :00 बजे तक नि:शुल्क स्वर्णप्राशन दवा पिलाई जायेगी। शिविर में डॉ उगन्ता मीणा (शिशु रोग विशेषज्ञ) द्वारा थायराइड, खांसी जुकाम, बालों का झड़ना, जोड़ो का दर्द, घुटनों का दर्द, गठिया रोग, तान आना, बिस्तर में पेशाब करना, सेरिब्रल पाल्सी, खुजली एलर्जी, भूख न लगना, श्वास, अस्थमा, यौन रोग, नि:सन्तानता, सफेद दाद, पथरी आदि पर नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। डॉ मीणा ने बताया कि स्वर्णप्राशन का 6 माह तक नियमित सेवन करने से बच्चों की स्मरण शक्ति तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। किसी बच्चे का अपने उम्र के साथियों की तुलना में विकास (जैसे चलना, बोलना, या सामाजिक कौशल) को हासिल करने में देरी होना ऐसे बच्चों के लिए बापूनगर औषधालय पर निशुल्क पंचकर्म थेरेपी भी की जाती है। शिविर में बी.पी. एवं शुगर की जांच नि:शुल्क की जायेगी।

### तारागढ़ दरगाह में मीरां सैयद हुसैन खिंगसवार का सालाना उर्स शुरू

**अजमेर,** । तारागढ़ पहाड़ी स्थित हजरत मीरां सैयद हुसैन खिंगसवार के सालाना उर्स की शुरुआत मंगलवार को गुस्ल की रस्म के साथ हुई। इस अवसर पर मजार शरीफ पर सवा मन कलावा बांधा गया और सवा मन मेहंदी पेश की गई। पंचायत खुद्दाम सैयद जादगान तारागढ़ के सचिव सैयद रब नवाज ने बताया कि 16 रजब को सुबह चार बजे मजार को इत्र और गुलाब जल से गुस्ल दिया गया। इसके बाद खुद्दामों ने मेहंदी और कलावा पेश कर फातिहा पढ़ी और देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। दरगाह परिसर में लंगर भी तकसीम किया गया। उर्स के दौरान रात में महफिल का आयोजन हुआ, जिसमें शाही कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए। 7 जनवरी को हुकुक की रोटियां तकसीम होंगी, जबकि 8 जनवरी को गिलाफ का जुलूस निकालकर मजार पर पेश किया जाएगा। कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा।

### ब्यावर जिले की धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की मांग

**मसूदा,** । ब्यावर जिले और आसपास के मगरा क्षेत्र में स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों की उपेक्षा पर सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमसिंह चौहान ने चिंता जताई है। उन्होंने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर इन स्थलों के संरक्षण और संवर्धन की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि ब्यावर अरावली की पहाड़ियों की गोद में बसा एक ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र है। यहां किले, बावड़ियां, बांध, मंदिर, धुणियां और अभयारण्य जैसी अनेक धरोहरें मौजूद हैं, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा के कारण ये स्थल दुर्दशा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बाबा रामदेवजी मंदिर, बाबा बालकनाथ की धुणी, दुधालेश्वर महादेव मंदिर, सेन्दड़ा ठोनाइट भू-वैज्ञानिक स्मारक, रावली अभयारण्य, श्यामगढ़ किला, विभिन्न प्राचीन बावड़ियों और बांधों सहित कई स्थलों का उल्लेख करते हुए इनके संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से एक युवक की हुई मौत

**सरवाड़ ।** सरवाड़ निकटवर्ती गांव जड़ाना रोड पर सोमवार को बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से विनोद मेघवंशी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मिली जानकारी के अनुसार सरवाड़ से अपने गांव जड़ाना जा रहा था मोटरसाइकिल पर सवार होकर जड़ाना मार्ग की तरफ़ वाहन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं जिस पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी गई जिस पर सरवाड़ पुलिस ने चिकित्सालय भिजवाए गए जहां पर चिकित्सा ने जांच पड़ताल की तो युवक मृत पाया गया वहीं परिवारजनों को जानकारी मिलते ही परिवारजनों में चिक पुकार मच गई वहीं शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवारजनों को सौंप दिया गया।

### वीआईपी ट्रेड चिटफंड घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** । किशनगढ़ के बहुचर्चित वीआईपी ट्रेड निवेश चिटफंड घोटाले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी और कंपनी के क्राउन डायरेक्टर अब्दुल समद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा क्षेत्र से दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अवैध निवेश कंपनी खोलकर लोगों को 10 महीने में रकम तीन गुना करने का लालच दिया। शुरुआती दौर में कुछ निवेशकों को मुनाफा देकर भरोसा जीता गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों से करीब 80 करोड़ रुपये का निवेश कराया गया। बाद में कंपनी बंद कर आरोपी फरार हो गए। गांधीनगर और मदनगंज थानों में इस घोटाले से जुड़े 30 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से बैंक ट्रांजेक्शन, संपत्तियों और ठगी की रकम की बरामदगी को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

### दान पात्रों का गणना कार्य जारी

**पुष्कर।** मंगलवार को ब्रह्मा मंदिर पुष्कर के दूसरे दिन दानपात्रों की गणना से मुख्य दानपात्र से 9,69,855 रुपए की भेंट राशि प्राप्त की गई । गणना कार्य उपखंड अधिकारी पुष्कर के निर्देशन में एवं लखन भाटी उपकोषाधिकारी पुष्कर की उपस्थिति में हुआ आगे भी दान पात्रों का गणना कार्य जारी रहेगा।

# विधायक ने अस्पताल का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

■ मेडिकल रिलीफ सोसायटी बैठक में सम्पन्न

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। विधायक डॉ विकास चौधरी ने मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीएम सिटी नरेंद्र कुमार मीणा, चिकित्सा विभाग संयुक्त निदेशक संपत सिंह जोधा, अस्पताल प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ परसाराम चौधरी एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति में अस्पताल की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय की पालना रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की गई। ईएनटी ओपीडी, गायनिक वार्ड में रंग रोशन, मोर्चरी के पास बाउंड्री वॉल, अस्पताल में अल्युमिनियम कार्य, रिकॉर्ड रूम एक्सटेंशन, नए मेडिकल उपकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा हुई। विधायक चौधरी ने आर्थोपेडिक विभाग के लिए ऑपरेशन टेबल, जनरल ऑपरेशन थिएटर में फुमिगेटर, अलमारी, रेक, टेबल, चेयर, फ्रिज, लेबर टेबल, बायोमेडिकल वेस्ट डस्टबिन, अति संवेदनशील विभागों के लिए इनवर्टर, मरम्मत व रंग रोगन, कचरे के निस्तारण व चारदीवारी के लिए राशि जारी की। साथ ही विधायक चौधरी की अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से 30 लाख रुपए की लागत से नया आधुनिक हॉल बनेगा। गौरतलब है कि पिछले एक साल से सीटी स्कैन मशीन के लिए मानदंडों के अनुरूप जगह नहीं होने के कारण शुरू नहीं हो पाई है। विधायक चौधरी ने बताया कि इससे क्षेत्रवासियों को को सरकारी अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा मिलेगी और आर्थिक भार भी नहीं पड़ेगा।विकास चौधरी ने मरीजों की परेशानियों को देखते हुए और उनके आर्थिक भार को कम करने के लिए अस्पताल में ही आवश्यक जांच 24 घंटे करने के निर्देश दिए।

अस्पताल प्रशासन ने विधायक चौधरी को आश्वस्त किया कि अगले 60 दिन में सभी प्रकार की जांच 24 घंटे की जाएगी। विधायक डॉ चौधरी ने अस्पताल का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, दवा काउंटर के बाहर लंबी लाइन से हो रही परेशानियों को दुरुस्त करने व मरीजो से बातचीत कर उनको हो रही परेशानियों को समझअस्पताल प्रशासन को पाबंद किया। उन्होंने बैठक के बाद प्रस्तावित नए भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण के दौरान विभाग व संवेदक को आ रही परेशानियों को लेकर उच्च अधिकारियों से बात की। बैठक में मरीजों की सुविधा के लिए संविधा पर चार ट्रॉलीमेन लगाने का निर्णय लिया।

## घरों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार बने खतरे का कारण

**अजमेर।** मदार क्षेत्र के इंदिरा नगर में घरों के ऊपर से गुजर रहे खुले विद्युत तार स्थानीय लोगों, विशेषकर बच्चों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कभी भी अनजाने में बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित परिवारों ने इस समस्या को लेकर वार्ड संख्या 54 के पार्षद सुनील धानका से गुहार लगाई है।

स्थानीय निवासी कैलाश ने बताया कि उनके घर के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार बच्चों के खेलने और परिवार के दैनिक कार्यों के दौरान हमेशा भय का कारण बने रहते हैं। इस संबंध में मदार विद्युत विभाग अजमेर के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समस्या की गंभीरता को देखते हुए पार्षद सुनील धानका ने मदार विद्युत विभाग अजमेर के एईएन पुष्पेंद्र जी से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया। पार्षद ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और बच्चों अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के साथ दुर्घटना की संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पार्षद सुनील धानका ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही घरों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। क्षेत्रवासियों ने पार्षद द्वारा त्वरित संज्ञान लेने पर संतोष व्यक्त किया है।

## मोखुंदा में डॉ. अंबेडकर पाठशाला का शुभारंभ

■ शिक्षा ही समाज की समस्याओं का एकमात्र समाधान


**भीलवाड़ा।** क्षेत्र के ठााम मोखुंदा में रैगर समाज मोहल्ले में निर्धन एवं जरूरतमंद बालक-बालिकाओं को निरूशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'डॉ. आंबेडकर पाठशाला' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह अनूठी पहल रैगर समाज मोखुंदा द्वारा शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए की गई है।

जन्मदिन पर फिजूलखर्ची छोड़ शिक्षा को दिया बढ़ावा कार्यक्रम के आयोजन समिति सदस्य गोपाल नोगिया ने बताया कि पाठशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोतीलाल सिंघानिया ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर फीता काटकर किया। इस अवसर पर सिंघानिया ने समाज के युवाओं और अधिकारियों से अपील करते हुए कहा, "हमें जन्मदिन पर फिजूलखर्ची करने के बजाय समाज के गरीब और होनहार विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए काम करना चाहिए। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में नेतृत्व और अधिकारी पैदा होते हैं। चाहे एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं।" उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और नशे के त्याग पर भी जोर दिया। शिक्षा है शेरनी का दूध मुख्य वक्ता एवं व्याख्याता राधेश्याम सूंकरिया ने बाबा साहेब के विचारों को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम चोखला झाड़ोल के अध्यक्ष लक्ष्मण तगाया ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मोखुंदा सरपंच इन्द्रा देवी रैगर, रतन डडवाडिया, बबलू सूंकरिया, राकेश तगाया, किशन हिणोनिया, अर्जुन डडवाडिया, विजय डडवाडिया, गणपत डडवाडिया, मोहन खमोकरिया, लोकेश खमोकरिया और पोटला सरपंच प्रतिनिधि रमेश शेरसिया उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन गिरदावर रमेश तगाया ने किया। आयोजन समिति के मदन तगाया (सरपंच प्रतिनिधि), मूलचंद, रोशनलाल, केशुराम, हेमराज नोगिया, मोहन लाल, मनोहर लाल, शोलाराम, प्रेमचंद, रविंद्र, डालचंद, मनोज, गोपाल, दिनेश, शिव, नारायण, शांतिलाल, किशन, सुमन सहित समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## अजित सिंह राठौड़ निरीक्षक पद पर पदोन्नत

**अजमेर।** अजमेर सीआईडी विशेष शाखा में कार्यरत उप निरीक्षक अजित सिंह राठौड़ को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी यह पदोन्नित राजस्थान सीआईडी विशेष शाखा, जयपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2024-25 की विभागीय योगात्मक परीक्षा के आधार पर हुई है। अजित सिंह राठौड़ ने बताया कि उप निरीक्षक से निरीक्षक पद के लिए आयोजित इस परीक्षा में अनुसूचित जाति वर्ग के 02 तथा सामान्य वर्ग के 05 पद निर्धारित थे। इस परीक्षा में अजमेर जोन से एकमात्र पद पर उप निरीक्षक अजित सिंह राठौड़ का चयन हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय विभागीय अधिकारियों, वरिष्ठ मार्गदर्शन तथा अपने निरंतर परिश्रम को दिया। पदोन्नित की सूचना मिलने पर सीआईडी विशेष शाखा अजमेर में हर्ष का माहौल रहा। सहकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



अजित सिंह राठौड़

# विधानसभा अध्यक्ष ने हेलमेट रैली को दिखाई हरी झंडा

■ बीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

■ नियमों की जानकारी के साथ उनका पालन जरूरी - देवनानी

**अजमेर,** (कास)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में 31 जनवरी तक विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार को सूचना केंद्र अजमेर से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दुपहिया वाहन चालकों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में यातायात पुलिस, परिवहन विभाग के कार्मिकों सहित 100 से अधिक दुपहिया वाहन चालकों ने सहभागिता की।

यह हेलमेट रैली सूचना केंद्र से प्रारंभ होकर बजरंगगढ़ चौराहा, सावित्री चौराहा, कलेक्ट्रेट सर्किल, रोडवेज बस स्टैंड, जयपुर रोड होते हुए प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अजमेर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य आमजन को हेलमेट उपयोग, सुरक्षित वाहन संचालन तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा सूचना केंद्र परिसर में वाहन चालकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए बीएलएस बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने डॉ. पूजा माथुर के नेतृत्व में डेमो के माध्यम से बेसिक लाइफ सेविंग तकनीकों की जानकारी दी, जिससे 100 से अधिक छात्र, वाहन चालक एवं आमजन लाभान्वित हुए।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत सहायता देकर अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार के सुखद भविष्य को उजाड़ सकती है, विशेषकर तब जब परिवार का कमाने वाला सदस्य दुर्घटना का शिकार हो जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मासिक सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनकी सार्थकता तभी है जब आमजन इन्हें अपने व्यवहार में अपनाएं। स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगीऔर जीरो फेटेलिटी थ्रू रोड एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। देवनानी ने कहा कि नियमों की जानकारी के साथ उनका पालन करने की आदत विकसित करना जरूरी है। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, नशे में वाहन चलाना एवं रेड लाइट जंप जैसी प्रवृत्तियां जानलेवा साबित हो सकती हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के समन्वय से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

## आयोग ने जारी किया सिलेबस

**अजमेर,** (कास)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को सहायक निदेशक - डीएनए डिवीजन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला) प्रतियोगी परीक्षा 2025 का सिलेबस आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है । आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 23 दिसंबर 2025 को उक्त भर्ती अंतर्गत 28 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इस भर्ती के तहत 27 जनवरी 2026 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है । आयोग द्वारा इस भर्ती परीक्षा का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर 2026 तक किया जाना प्रस्तावित है।


**NAME CHANGE**

I S Laxmi Mother of Army No. 15815674H, HAV, Sairi Sharath Residing of Vill & Po:- Bandankal, Tehsil:- Mustabad, District- Rajanna Sircilla, Telangana, Pin-505404 have change my name from S Laxmi to Panthala Laxmi vide affidavit No. CA836873 dated 06/01/2026 before court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Venkateshwarlu Father of Army No. 15815674H, HAV, Sairi Sharath Residing of Vill & Po:- Bandankal, Tehsil:- Mustabad, District- Rajanna Sircilla, Telangana, Pin-505404 have change my name from Venkateshwarlu to Sairi Venkateshwarlu vide affidavit No. CA836872 dated 06/01/2026 before court campus Nasirabad

**कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान**

क्रमांक-नपपु/भूमि/2025/486 — लोक सूचना — दिनांक: 6.11.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदनकर्ता ने निम्नलिखित कॉलोनी/मोहल्ले में अपनी सम्पति का स्वयं के पक्ष में नामान्तरण बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत करा है।

| क्र.सं. | आवेदनकर्ता | सम्पति का विवरण | चतुर्थ सीमा | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री मदन लाल कुमावत | भूखण्ड संख्या 12, खसरा संख्या 1979/2(साबिक) 2083/2478 (हाल) का भाग, पी.एच.ई.डी. कार्यालय के पीछे, ग्राम गनाहेड़ा, तह. पुष्कर । क्षेत्रफल-138.88 वर्गगज | पूर्व - 30' सड़क पश्चिम - भू.सं.- 23 | उत्तर -भू.सं. 11 दक्षिण - भू.सं. 13 |

उक्त कार्यवाही में जिस किस भी व्यक्ति / संस्था को कोई आक्षेप है तो इस लोक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में समर्थक दस्तावेजों के साथ अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है । उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/5373 — आम सूचना — दिनांक : 19.12.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

| फाइल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 170 | तेजमल बरालिया पुत्र नन्दराम बरालिया | राजस्व ग्राम बरल द्वितीय प्राइकगर-2 बरल द्वितीय ख.सं 800,801,803,804/1 भू.सं. 93 | 112.87 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.प.बि/निमार्ण स्वी./2025/5497 — आम सूचना — दिनांक: 6-01-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्ज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदन नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 180 | ताराचन्द टेलर पुत्र सुवालाल टेलर | पारसनाथ कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 1049 व 1050 भू.सं. 16 का दक्षिणी हिस्सा | 61.31 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 1959 — जाहिर आम सूचना — दिनांक 2.1.26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ए-24, नाका मंदार, अजमेर क्षेत्रफल 59.062 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री कैलाश नारायण तंवर पुत्र श्री चम्पालाल तंवर को आवंटित कर दिनांक 18.11.1994 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री कैलाश नारायण तंवर पुत्र श्री चम्पालाल तंवर द्वारा दिनांक 12.03.2010 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। श्री कैलाश नारायण तंवर पुत्र श्री चम्पालाल तंवर द्वारा आवास का बैचान श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना पुत्र स्व. श्री तलेवर सहाय सक्सैना को दिनांक 11.10.2010 को कर दिया गया। श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना की मृत्यु दिनांक 19.09.2017 को हो जाने के का रण उनकी पुत्री श्रीमती बीनू सक्सैना पुत्री स्व. श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना एवं पत्नि श्री अरविन्द कुमार सक्सैना द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती बीनू सक्सैना के पक्ष में श्रीमती सावित्री सक्सैना पत्नि स्व. श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना एवं श्रीमती रेखा सक्सैना पुत्री स्व. श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना एवं पत्नि श्री ललित कुमार सक्सैना द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्रीमती बीनू सक्सैना पुत्री स्व. श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना एवं पत्नि श्री अरविन्द कुमार सक्सैना ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती बीनू सक्सैना पुत्री स्व. श्री विरेन्द्र कुमार सक्सैना एवं पत्नि श्री अरविन्द कुमार सक्सैना का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है।

अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राज०)**

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

सं. रू — प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा — दिनांक-

लोक सूचना

आवेदक श्री हंसराज पुत्र बाबूलाल जाति रेगर निवासी बलवीर कॉलोनी बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम लाम्बा | अन्टाली | राजस्व ग्राम लाम्बा खसरा संख्या 2718/440 पार्ट एवं 2846/532 पार्ट | कुल क्षेत्रफल 0.2812 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा(राजस्थान)**

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID-eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com — Telephone No.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0/कृषि भूमि/2026/राजकाज रेफरेन्स नम्बर — दिनांक: यथा हस्ताक्षर

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विखण्डन/नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति नियमन के तहत् निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

-: विखण्डन व नामान्तरण :-

| क्र० सं | ऑनलाईन आवेदन संख्या | दिनांक | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या | साईज | [illegible] | क्षेत्रफल वर्गगज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 85365 | 02.01.26 | श्री रामगोपाल पुत्र श्री रामलाल तिवाड़ी, गुलाबपुरा | 03-C-11 का दक्षिणी पूर्वी हिस्सा | 30X32 | [illegible] मजदूर कॉलोनी, गुलाबपुरा। पूर्व– भूखण्ड संख्या 3-C-12 स्थित। पश्चिम– ओपन लैण्ड के बाद आम रास्ता 60 फीट स्थित। उत्तर– इसी भूखण्ड का शेष भाग 30X32 स्थित। दक्षिण– आम रास्ता 40 फिट स्थित। | 106.66 |
| 2. | | | श्री जगदीश चन्द्र अजमेरा पुत्र श्री कुन्दनमल जी अजमेरा, गुलाबपुरा | 03-C-11 का उत्तरी पूर्वी हिस्सा | 30X32 | [illegible] मजदूर कॉलोनी, गुलाबपुरा। पूर्व– भूखण्ड संख्या 3-C-12 स्थित। पश्चिम– ओपन लैण्ड के बाद आम रास्ता 60 फीट स्थित। उत्तर– भूखण्ड संख्या 3-C-10 स्थित। दक्षिण– इसी भूखण्ड का शेष भाग 30X32 स्थित। | 106.66 |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका गुलाबपुरा


# सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

■ विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि इन सड़कों की मांग ठाामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी

**अजमेर,** (कास)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में 41 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहा कि क्षेत्र के सबसे पुराने गांवों में शामिल काजीपुरा के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा ठााम एवं क्षेत्र के समठा विकास के लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ठााम काजीपुरा में ओम जी के मकान से लंबरदार जी के मकान तक तथा प्रभु जी के मकान से महेंद्र पांचू जी के मकान तक नवीन सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधानसभा अध्यक्ष द्वारा शुभारंभ किया गया। इस पर कुल 41 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इन सड़कों के निर्माण से ठाामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि इन सड़कों की मांग ठाामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। इसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराया गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों को दीर्घकालिक एवं मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इससे वर्षों तक ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम काजीपुरा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षिणक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से छह नवीन कक्षों का निर्माण भी कराया जाएगा। इससे गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षिणक वातावरण मिलेगा और ठाामीण क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

देवनानी ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शेरगढ़ क्षेत्र में लेपर्ड सफारी का विकास किया जाएगा। इस पर लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे स्थानीय ठाामीणों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त हाथीखेड़ा, आयजसर, खरेकड़ी सहित अन्य ठाामों में भी विभिन्न विकास कार्य चरणबद्ध रूप से कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निकटवर्ती कोटड़ा क्षेत्र में 50 बेड का नवीन सैटेलाइट अस्पताल भवन निर्माणाधीन है। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पानी की टंकी निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। शहर एवं ठाामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और आने वाले समय में ग्राम काजीपुरा सहित क्षेत्र के समस्त गांवों में सड़कों का नेटवर्क पूर्ण रूप से स्थापित होगा।

इस अवसर पर ग्राम काजीपुरा के ठाामीणों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का 100 किलो की पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बलवीर सिंह, शक्ति सिंह, महेंद्र सिंह, जय सिंह, भागचंद, दारा सिंह सहित बड़ी संख्या में ठाामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सेवादल की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

■ मनरेगा बचाओ संग्राम और सदस्यता अभियान पर बनी रणनीति

**अजमेर,** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 8 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रस्तावित मनरेगा बचाओ संठााम एवं सेवादल सदस्यता अभियान को लेकर राज्यव्यापी रणनीति तय करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने की। इस अवसर पर विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक रफीक खान, प्रदेश कांठोस संगठन महासचिव ललित तुनवाल, प्रदेश कांठोस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, सेवादल प्रभारी ज्योति खन्ना एवं गोविंद भाई पटेल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया।



**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।**

प्रदेश कांठोस सेवादल के प्रवक्ता भीमराज जाखड एवं प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय कांठोस सेवादल के निर्देशानुसार आगामी दो महीनों में प्रदेश के सभी जिलों में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जन आंदोलन आयोजित किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जब देश में संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा हो और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हों, ऐसे समय में सेवादल की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही देशभर में सेवादल का व्यापक सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जो राज्य, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तर तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में सेवादल चुनाव प्रबंधन में अहम भूमिका निभाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने कहा कि यह जन आंदोलन केवल मनरेगा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए भी सेवादल कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला सेवादल अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठनात्मक विषयों पर विचार रखे। बैठक दो सत्रों में आयोजित हुई। अजमेर से प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक एवं पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, शहर सेवादल अध्यक्ष देशराज मेहरा, आरिफ खान और विकास चौहान बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद सभी ने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर साफा, दुपट्टा एवं सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शैलेंद्र अठावाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं गईं।